# बिहार सरकार
## बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
## 19, हार्डिंग रोड, पटना–800001

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, कार्यालय पटना में साक्षात्कार एवं काउंसिलिंग के क्रम में आमंत्रित विशेषज्ञों, साक्षात्कार बोर्ड के सदस्य एवं अन्य संलग्न पदाधिकारीगण/कर्मियों हेतु पैकेट लंच/नाश्ता की व्यवस्था कराने हेतु इच्छुक फर्म/कैटरर्स से नियमानुसार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छक फर्म/कैटरर्स को निम्नलिखित मेनु (Menu) के आधार पर पैकेट लंच की व्यवस्था आयोग कार्यालय परिसर में उपलब्ध करानी होगी :–

### (क) लंच पैकेट के लिए मेनु

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तन्दूरी रोटी–2/ तवा रोटी–4 पीस | जीरा राईस | दाल फ्राई | सब्जी (ग्रेवी के साथ) | सब्जी (भुजिया) | पापड़ | रसगुल्ला/गुलाब जामुन |

### (ख) नाश्ता पैकेट के लिए मेंनु

| 1 | 2 |
|---|---|
| सैण्ड वीच–4 | ब्रेड पकौड़ा–1 |

**उपर्युक्त भोजन तैयार करने में निम्न ब्रांड का उपयोग किया जायेगा।**

| बासमती चावल (लम्बा दाना) | गेहूँ आटा | मसाला | खाने का तेल |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| इंडिया गेट<br>लाल किला<br>दावत<br>फॉरच्युन<br>पतंजली | आर्शीवाद<br>नेचर फ्रेश<br>पतंजली | एवरेस्ट<br>एम०डी०एच०<br>कैच<br>पतंजली | धारा<br>सफोला<br>नेचर फ्रेश<br>पतंजली |

## निविदा की शर्तें :–

### (क) तकनीकी निविदा :–

1. अग्रधन के रूप में 5,000 रू० का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा जो निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के पदनाम से भुगतेय होगा।
2. जी०एस०टी० का निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति
3. पैन कार्ड की प्रति।
4. काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी स्वलिखित प्रमाण पत्र।
5. फर्म का खाता सं० बैंक का नाम, आई०एफ०एस०सी०कोड़० के लिए कैन्सल्ड चेक की एक प्रति।
6. फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति।
7. विगत तीन वर्षों का आय कर रिटर्न की प्रति।

**उपर्युक्त तकनीकी निविदा की शर्तो से संबंधित कागजात/प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के लिफाफे में सील बंद करेगें।**

(ख) **वित्तीय निविदा हेतु निम्न टेबल में दर अंकित करते हुए वित्तीय निविदा के लिफाफे में सील बंद करेगें।**

- उपर्युक्त सभी दर GST रहित (GST छोड़कर) होना चाहिए।
- किसी भी कार्य दिवस पर पैकेट लंच/नाश्ता की व्यवस्था के फलस्वरूप निविदा में स्वीकृत एकमुश्त दर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

**निविदा की अन्य शर्तें :–**

1. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में सीलबंद कर जमा करना होगा। दोनों लिफाफा को एक बड़े लिफाफा में सीलबंद करेगें। सभी लिफाफे पर निविदादाता अपना स्पष्ट रूप से नाम एवं पता लिखेगें। साथ ही सभी लिफाफे पर **''पैकेट लंच/नाश्ता हेतु निविदा''** स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में अंकित करेगें।
2. निविदादाता उक्त लिफाफे को निम्नलिखित पते पर भेजेगें :–

   **उप सचिव,**
   **बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
   **19, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

3. निविदादाता उपर्युक्त लिफाफा दिनांक–13.12.2019 के अपराह् 3.00 बजे तक आयोग कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
4. निविदा दिनांक– 13.12.2019 अपराह्न 4.00 बजे आयोग में गठित क्रय समिति के समक्ष आयोग कार्यालय में खोली जाएगी। निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को क्रय समिति के समक्ष निविदा खोलते समय उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। सबसे पहले तकनीकी निविदा खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा। वित्तीय निविदा के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।
5. वित्तीय निविदा के अर्न्तगत कैटरर्स/फर्म द्वारा दी गयी दर के लिए लंच पैकेट के लिए 70% वेटेज (Weightage) एवं नाश्ता पैकेट के लिए 30% वेटेज (Weightage) के योग में से न्यूनतम दर को $L_1$ निर्धारित किया जायेगा।
6. अंतिम रूप से चयनित न्यूनतम निविदादाता को प्राप्त सभी निविदाओं में से न्यूनतम दर पर कार्य करना होगा।
7. चयनित न्यूनतम निविदादाता को प्रभारी सचिव के साथ कार्यादेश निर्गत होने में एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा सम्पन्न करना होगा।
8. यह निविदा कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्ष के लिए प्रभावी होगी।
9. भोजन/लंच बनाने में प्रयुक्त सामग्री उच्च कोटि एवं गुणवत्ता वाली (मानक कम्पनी/ब्राण्ड) तथा सब्जियाँ ताजी होनी चाहिए।
10. भोजन बनाने से लेकर परोसने तक (सर्व करने तक) यथा गैस सिलेण्डर, क्रॉकरी, बर्तन, परोसने वाले स्टॉफ आदि की व्यवस्था तथा साफ–सफाई की जिम्मेवारी कैटरर्स/फर्म की ही होगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय अस्वीकृत करने अथवा संशोधित करने अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

2/12/19
उप सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।